दिन– बुधवार | दिनांक– 22 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की पहली बैठक में बाईस प्रस्ताव पारित।

02. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने चौबीस अप्रैल को होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर राजनीतिक दलों, पत्रकारों और अधिकारियों के साथ की बैठक।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष के रवैये के खिलाफ जिला मुख्यालयों में किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन।

04. और, धरती को सुरक्षित बनाने के संदेश के साथ आज मनाया जा रहा है विश्व पृथ्वी दिवस।

---

राज्य सरकार ने सारण जिले में स्थित बाबा हरिहर नाथ कॉरिडोर निर्माण को मंजूरी दी है। काशी विश्वनाथ की तर्ज पर कॉरिडोर का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुआई वाली नवगठित राज्य सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में दरभंगा हवाई अड्डे के इन्क्लेव निर्माण की बाधाओं को दूर करने का भी फैसला लिया गया है। कैबिनेट विभाग के सचिव अरविन्द चौधरी ने बताया कि आज की बैठक में बाईस प्रस्तावों पर मुहर लगी है।

––साउंड बाइट––

बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव शामिल रहे।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने चौबीस अप्रैल को आयोजित एक दिवसीय विधानसभा सत्र के सफल संचालन के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष ने प्रेस सलाहकार समिति की बैठक में मीडिया

प्रतिनिधियों से सत्र संचालन को लेकर विचार–विमर्श किया। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की।

---

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के विरोध में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकाला गया। पार्टी ने महिला आरक्षण के खिलाफ विपक्षी दलों के रवैये को उजागर करने के लिए कई स्थानों पर महिला आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता परिसीमन सुधार और महिला आरक्षण लागू करो के नारे लगा रहे थे। पटना में आयकर गोलम्बर से डाकबंगला चौराहे तक धिक्कार मार्च निकाला गया। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दीपक प्रकाश भी शामिल थे।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में शराबबंदी को लेकर कोई संशय नहीं है। गया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं यह स्पष्ट कर चुके हैं कि राज्य में शराब पर सख्ती जारी रहेगी।

––साउंड बाइट––

---

जनता दल यूनाइटेड ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में कार्यकारिणी की टीम में चौबीस सदस्य शामिल हैं। वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष, जबकि पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा, नीतीश कुमार की नई टीम में बारह महासचिव और आठ सचिव बनाए गए हैं।

---

भारतीय जनता पार्टी ने निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला सीतारामन और अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलकर कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी है। भाजपा नेता और

संसदीय कार्य मंत्री  किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्री खरगे को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

––साउंड बाइट––

देश का प्रधानमंत्री दुनिया में एक बहुत मजबूत नेता, लोकतंत्र का प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मानते हैं। हमने कमिश्नर को रिक्वेस्ट किए हैं कि देश का कोई भी पॉलीटिकल पार्टी अगर इस तरह का भाषा का प्रयोग करेंगे। सख्त से सख्त करवाई किया जाए और हमने यह भी मांग किया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी पूरा देश के लोगों से माफी मांगे।

---

तमिलनाडु में सभी दो सौ चौंतीस सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण की एक सौ बावन सीटों के लिए कल मतदान होगा। चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल से सटी बिहार की सीमा को बहत्तर घंटों के लिए सील कर दिया गया है। सुरक्षा बल के जवान दोनों राज्यो के प्रवेश मार्ग पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान उनतीस अप्रैल को होगा। जबकि मतगणना चार मई को होगी।

---

केंद्र सरकार ने आज कहा है कि देश में तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और कल पैंतालीस लाख से अधिक बुकिंग दर्ज की गईं। जबकि लगभग इक्यावन लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए।

––साउंड बाइट––

---

राष्ट्र आज पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आज ही के दिन आतंकवादियों ने छब्बीस निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इनमें अधिकतर लोग पर्यटक थे। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए लक्षित हमलों में पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकवादी शिविरों को सटीक रूप से निशाना बनाया गया जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी, उनके प्रशिक्षक, संचालक और सहयोगी मारे गए। अधिकांश आतंकवादी जैशदृएदृमोहम्मद, लश्करदृएदृतैयबा और हिज्बुल मुजाहिद्दीन जैसे आतंकवादी संगठनों से संबंधित थे। इस ऑपरेशन ने भूमि, वायु और समुद्र के माध्यम से उच्च सटीकता और समन्वित सैन्य कार्रवाई के जरिए भारत की उत्कृष्ट क्षमता को प्रदर्शित किया। आंनद कुमार के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

---

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। इस अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण, पेंटिंग, रंगोली और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

पृथ्वी दिवस की शुरूआत बाईस अप्रैल उन्नीस सौ सत्तर को हुई। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आज के बदलते परिवेश में बढ़ते प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और जलवायु परिवर्तन के बीच इस दिवस की सार्थकता काफी बढ़ गयी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पटना में प्रेस सलाहकार समिति की बैठक के दौरान भी पृथ्वी दिवस की महत्ता का जिक्र किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमें मिलकर धरती मां को बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने लोगों से कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है।

——साउंड बाइट——

पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थानों, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रमों का आयोजन कर पृथ्वी को सुरक्षित बनाने के लोगों को लिए प्रेरित किया गया। समाचार कक्ष से निधि श्री।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पृथ्वी दिवस की शुभकामना दी है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना, सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं है बल्कि आने वाले पीढ़ियों के लिए एक संकल्प भी है। इस अवसर पर आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक धीरज एम. काकड़िया ने नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छ, हरित और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में मौलिक परिवर्तन लाया जा सकता है। श्री हसनैन आज कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में अधिषद के उनचासवें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने शिक्षकों से मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोहतास, गया, औरंगाबाद, कैमूर, भोजपुर, बक्सर, सारण, शेखपुरा, नालंदा समेत राज्य के सोलह जिलों में लू के हालात बने हुए हैं। बक्सर जिले के डुमरांव में अधिकतम पारा चौवालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। विभाग के अनुसार यहां अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पश्चिम भागों में अत्यधिक गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

––साउंड बाइट–––

इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बढ़ती गर्मी को लेकर परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि दिन के समय अनावश्यक रूप से लोग बाहर न निकलें। जरूरी हो तो खाना खाकर ही बाहर निकलें। साथ ही धूप में छाता और सर ढकने के लिए कपड़े का इस्तेमाल करें। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की भी सलाह दी गई है।

---

रोहतास पुलिस ने जिले के करबंदिया थाना क्षेत्र में पिछले दिनों टेम्पो लूट घटना का खुलासा कर दिया है। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों के पास से लूटी गई टेम्पो बरामद की गयी है।

---

शेखपुरा के जिला आपूर्ति पदाधिकारी समरेन्द्र कुमार ने जिले के सभी जनवितरण दुकानों पर कार्ड धारकों को प्रतिमाह सौ किलोग्राम कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने बताया कि लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

---

शिवहर जिला भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज जन–आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान आक्रोश मार्च निकाला गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की पहली बैठक में बाईस प्रस्ताव पारित।

02. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने चौबीस अप्रैल को होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर राजनीतिक दलों, पत्रकारों और अधिकारियों के साथ की बैठक।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष के रवैये के खिलाफ जिला मुख्यालयों में किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन।

04. और, धरती को सुरक्षित बनाने के संदेश के साथ आज मनाया जा रहा है विश्व पृथ्वी दिवस।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।